ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान

जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 16-10-2020

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2020-10-16 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2020-10-17	2020-10-18	2020-10-19	2020-10-20	2020-10-21
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	36.0	37.0	36.0	36.0	34.0
न्यूनतम तापमान(से.)	24.0	25.0	23.0	22.0	21.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	28	25	23	22	17
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	18	18	13	9	8
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	15.0	13.0	14.0	14.0	14.0
पवन दिशा (डिग्री)	70	70	90	110	90
क्लाउड कवर (ओक्टा)	5	3	5	3	2

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में आसमान में आंशिक बादल छायें रहने तथा वर्षा नहीं होने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

सिंचित क्षेत्र मे सरसों/राया की बुवाई के लिए उचित समय अक्टूबर के अन्त तक है। पूसा सरसों-25, पूसा सरसों-26, पूसा सरसों-27, एन.आर.सी.एच.बी-101, सी.एच-52, टी-59, आर.एच-30, बायो-902, जी.एम-2 व आर.एच-819 उन्नत किस्मों की बुवाई करें। बुवाई के लिए 4-5 किलो बीज प्रति हैक्टेयर के लिए पर्याप्त है। बुवाई के समय 30 किलो नत्रजन व 30 किलो फास्फोरस प्रति हैक्टेयर की दर से दें। मोयला की रोकथाम के लिए बीज को इमिडाक्लोप्रिड 600 एफ.एस. @ 9 मिली. प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करें। फसल को सफेद रोली रोग के प्रकोप से बचाने के लिए बीज को मेटालेक्सिल 35 एस.डी 6 ग्राम प्रति किलो बीज की दर उपचारित करें।

लघु संदेश सलाहकार:

चने की फसल को जड़ गलन रोग से बचाने के लिए बीज को कार्बेण्डेजिम 2 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चना	सी-235, आर.एस.जी-44, आर.एस.जी-888, आर.एस.जी-896, जी.एन.जी-1488, आर.एस.जी-974, जी.एन.जी-1958 व जी.एन.जी-663, चने की उन्नत किस्मों की बुवाई करें। बुवाई हेतु 80-100 किलो ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर के लिए पर्याप्त है। 20 किलो नत्रजन व 25 किलो फास्फोरस प्रति हैक्टेयर की दर से बुवाई के समय दें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
प्याज	प्याज की पौध तैयार करने के लिए क्यारियां तैयार करें। पूसा रेड, नासिक रेड, आर.ओ-252, हिसार प्याज-3, उदयपुर -102, पूसा व्हाइट फलेट व अकोला सफेद प्याज की उन्नत किस्में है। एक हैक्टेयर फसल लगाने के लिए 10 किलो बीज पर्याप्त होता है।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	पशु बाड़े में साफ-सफाई रखें जिससे पशुओं को संक्रामक रोगों व परजीवियों के प्रकोप से बचाया जा सकें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	चारे वाली फसलें जैसे रिजका, बरसीम व जई की बुवाई के लिए खेत तैयार करें। जावी-8, ओ.एल-9, ओ.एल-529 व केन्ट, डी.एफ.ओ-57 जई की उन्नत किस्में हैं। आन्नद-2, एल.एल.सी-3, टाईप-9 व सिरसा-8 रिजका की उन्नत किस्में है। मसकावी व वरदान बरसीम की उन्नत किस्में है।